हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 3 फरवरी 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 रातभर चली सर्चिंग में खूंखार आरोपी को पुलिस...



07 वन डिस्ट्रिक्ट, वन वेटलैंड के लक्ष्य की ओर अग्रसर...



## खबर संक्षेप

### कथा के अंतिम दिवस निकाली नगर में शोभायात्रा

**सीहोर।** भगवान शिव की कथा मानव जाति को सुख समृद्धि व आनंद देने वाली है क्योंकि भगवान शिव कल्याण एवं सुख के मूल स्त्रोत हैं। वे संपूर्ण विद्याओं के ईश्वर समस्त भूतों के अधीश्वर, ब्रह्मवेद के अधिपति तथा साक्षात परमात्मा हैं। भगवान भोलेनाथ की कथा में गोता लगाने से मानव को प्रभु की प्राप्ति होती है लेकिन कथा सुनने व उसमें उतरने में अंतर होता है। सुनना तो सहज है लेकिन इसमें उतरने की कला हमें केवल एक संत ही सिखा सकता हैं। उक्त विचार शहर के बड़ा बाजार स्थित अग्रवाल धर्मशाला में नारी शक्ति महिला मंडल और मध्यप्रदेश अग्रवाल महासभा जिला इकाई सीहोर के तत्वावधान में जारी सात दिवसीय शिव महापुराण के अंतिम दिवस कथा वाचक पंडित राघव मिश्रा ने कहे। रविवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस मौके पर यात्रा का अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कथा वाचक पंडित राघव मिश्रा ने कहाकि ज्ञान, धर्म, भक्ति का मूल है। पांच दान यश, मान, कीर्ति, नम्रता, सरल सत्य स्वयं परमात्मा है। कलयुग, कलयुग नहीं है बल्कि करयुग है।

### कलेक्टर प्रतिनिधियों की बोर्ड परीक्षा संबंधी बैठक आयोजित

# परीक्षा प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता व अनुशासन बनाए रखें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



आगामी बोर्ड परीक्षाओं को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्टर प्रीति यादव द्वारा नियुक्त कलेक्टर प्रतिनिधियों की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा कर कलेक्टर प्रतिनिधियों को उनके दायित्वों से अवगत करवाया गया। कलेक्टर ने कहा कि बोर्ड परीक्षाएं विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ी होती हैं, परीक्षा प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता एवं अनुशासन बनाए रखना अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षाओं के सफल संचालन हेतु प्रश्नपत्रों की गोपनीयता एवं शुचिता बनाए रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी कलेक्टर प्रतिनिधि परीक्षा दिवस पर संबंधित थानों से प्रश्नपत्र प्राप्त करने से लेकर उन्हें परीक्षा केंद्र तक सुरक्षित रूप से पहुंचाने तथा प्रश्नपत्रों को केवल परीक्षा कक्ष में ही खोलना सुनिश्चित करवाएंगे। कलेक्टर प्रतिनिधि एवं केंद्राध्यक्ष थाने एवं परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर एक साथ सेल्फी लेकर कलेक्टर प्रतिनिधि द्वारा निर्धारित पोर्टल पर अपलोड करेंगे। केंद्राध्यक्ष एवं प्रतिनिधि के साथ संयुक्त फोटो अपलोड नहीं होने की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने कलेक्टर प्रतिनिधियों को परीक्षा केंद्रों पर सतत निगरानी रखने, शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने एवं केंद्राध्यक्षों तथा संबंधित अधिकारियों के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्र पर केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष एवं परीक्षा कार्य में संलग्न समस्त शिक्षक एवं कर्मचारियों के मोबाइल फोन बंद कराकर एक अलमारी में सील किए जाएंगे। इस संबंध में कलेक्टर प्रतिनिधि केंद्राध्यक्ष से प्रमाण पत्र प्राप्त करेंगे।

कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि प्रश्नपत्रों के बॉक्स खोले जाने से पूर्व बॉक्स के सभी छह पक्षों का वीडियो बनाकर मंडल द्वारा नामांकित अधिकारी को व्हाट्सएप के माध्यम से प्रातः 8:30 बजे से पूर्व भेजना सुनिश्चित किया जाए। परीक्षा केंद्र पर अनुपस्थित विद्यार्थियों के प्रश्नपत्र तत्काल लिफाफे में सील किए जाएंगे।इसके अतिरिक्त परीक्षा केंद्रों पर प्रश्नपत्रों की सुरक्षित प्राप्ति, गोपनीयता, सीसीटीवी कैमरों की नियमित निगरानी, विद्युत एवं पेयजल व्यवस्था सहित आवश्यक सुविधाओं की सतत जांच के निर्देश दिए गए। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर त्वरित कार्रवाई करने तथा किसी भी समस्या की स्थिति में तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों और कन्ट्रोल रूम पर अवगत कराने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। बैठक में अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी जाटव व कलेक्टर प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## वित्त मंत्री के बजट भाषण को भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने देखा व सुना





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

रविवार को लोकसभा में प्रस्तुत केंद्रीय बजट को नलखेड़ा तथा धरोला मंडल में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा एलईडी के माध्यम से देखा एवं सुना गया। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ जन उपस्थित थे। रविवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा केंद्रीय बजट प्रस्तुत किया गया।

भाजपा नेताओं ने प्रस्तुत बजट को लेकर कहा कि आजादी के अमृत काल में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने हेतु यह बजट सशक्त कदम है। यह बजट राष्ट्र की प्रगतियों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का मार्ग प्रशस्त करेगा। भाजपा मंडल अध्यक्ष नलखेड़ा रोहित सकलेचा के साथ नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी तथा परिषद के अन्य पार्षद गणों द्वारा पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ नगर परिषद हाल में एलईडी के माध्यम से केंद्रीय बजट भाषण को देखा एवं सुना गया। धरोला मंडल के ग्राम धरोला में समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा यह बजट देखा व सुना गया। इस अवसर पर मुरलीधर पाटीदार पूर्व विधायक, भंवर सिंह चंद्रावत मंडल अध्यक्ष धरोला, राधेश्याम पाटीदार, गोपाल पाटीदार के साथ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व आम नागरिक उपस्थित थे।

## इंदौर-भोपाल हाईवे पर गाय को बचाने के दौरान पलटी यात्रियों से भरी बस



**सीहोर।** इंदौर-भोपाल हाईवे पर रविवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। अहमदाबाद से भोपाल जा रही एक स्लीपर बस आष्टा के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। राहत की बात यह रही कि बस में सवार 26 यात्रियों में से 25 पूरी तरह सुरक्षित हैं, जबकि एक यात्री को मामूली चोट आई है। यह हादसा एक मवेशी की जान बचाने की कोशिश में हुआ।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसा सुबह करीब 8.20 बजे आष्टा के पास बेदाखेड़ी जोड़ पर हुआ। बस अपनी रफ्तार में भोपाल की ओर बढ़ रही थी, तभी अचानक एक गाय हाईवे के बीचों-बीच आ गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यदि चालक बस को नहीं काटता तो गाय की जान जाना तय था। मवेशी को बचाने के चक्कर में ड्राइवर ने तेजी से स्टेयरिंग मोड़ा, जिससे बस असंतुलित होकर सडक़ किनारे गड्ढे में जा गिरी।

**ग्रामीणों ने की मदद, कांच तोडक़र निकाला बाहर :** बस पलटते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर पास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण तुरंत मदद के लिए दौड़े। ग्रामीणों ने बस के कांच तोड़े और गेट से यात्रियों को बाहर निकालना शुरू किया। सूचना मिलते ही अमलाहा चौकी और आष्टा पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया।

**एक यात्री घायल, अन्य को गंतव्य तक पहुंचाया :** इस हादसे में छत्तीसगढ़ कांकेर निवासी 27 वर्षीय हरिशचंद्र पटेल को नाक पर चोट आई है।

अमलाहा टोल की एम्बुलेंस से उन्हें तत्काल आष्टा के अपोलो अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। शेष 25 यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए यात्रियों का सामान बस से बाहर निकलवाया और उन्हें दूसरी बसों के जरिए भोपाल की ओर रवाना किया। हाईवे पर जाम की स्थिति न बने, इसलिए क्रेन बुलाकर बस को सडक़ किनारे करवाया गया।

## तेंदुए की दहशत, अब 'गुलेल' के भरोसे किसान, बछड़े के शिकार के बाद गांव में कराई मुनादी



**सीहोर।** जिला मुख्यालय स्थित सटी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी फेज.2 और जामोनिया तालाब क्षेत्र में तेंदुए की आहट ने ग्रामीणों और रहवासियों की रातों की नींद उड़ा दी है। आलम यह है कि खुद की और मवेशियों की सुरक्षा के लिए अब किसानों ने पारंपरिक हथियार 'गुलेल' का सहारा लेना शुरू कर दिया है।

बता दें एक दिन पहले ग्राम जामोनिया तालाब में एक अज्ञात हिंसक जानवर ने खेत पर बंधे गाय के बछड़े को अपना शिकार बना लिया। इस घटना के बाद पूरे गांव में डर का माहौल है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने गांव में डोंडी पिटवाकर (मुनादी कराकर) लोगों को सतर्क रहने की चेतावनी दी है।

### किसानों ने थामी गुलेल

तेंदुए के डर से अब किसान खेतों पर अकेले जाने से कतरा रहे हैं। किसान विनोद बड़ोदिया और उनके साथियों ने बताया कि जंगली जानवर से बचाव के लिए उन्होंने विशेष गुलेल तैयार की हैं। किसानों का मानना है कि यदि हिंसक जानवर नजर आता है तो वे दूर से ही पत्थर मारकर उसे सुरक्षित दूरी से भगा सकेंगे।

### दहशत के साए में हाउसिंग बोर्ड वासी

सिर्फ गांव ही नहीं हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पीछे भी गुरुवार-शुक्रवार की रात खूंखार वन्य प्राणी देखा गया। सोशल मीडिया पर चेतावनी भरे संदेश वायरल हो रहे हैं। हाल ही में शहर में हुए सियार के हमले (जिसमें 9 लोग घायल हुए थे) के जख्म अभी भरे नहीं थे कि अब तेंदुए की खबर ने लोगों को घरों में कैद होने पर मजबूर कर दिया है।

### वन विभाग की अपील सतर्क रहें

सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने रात भर सर्चिंग की और पटाखे फोडक़र जानवर को आबादी से दूर खदेडऩे की कोशिश की। विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि अकेले सुनसान इलाकों में न जाएं। संदिग्ध पगमार्क दिखने पर फोटो खींचकर तुरंत सूचित करें।

## सांदीपनि विद्यालय में ब्यूटी एंड वैलनेस की छात्राओं ने लगाई मॉडल प्रदर्शनी



**नलखेड़ा।** सांदीपनि विद्यालय में व्यावसायिक कोर्स अंतर्गत ब्यूटी एंड वैलनेस की कक्षा 9वीं से 12वीं तक की छात्राओं द्वारा मॉडल प्रदर्शनी अंतर्गत स्किन टाइप प्रोजक्ट प्राइमरी और सेकंडरी कलर फेसिअल स्टीमर अल्ट्रा सोनिक फेशियल मशीन वेट स्लिम मशीन हाइड्रा फेशियल मशीन के मॉडल एवं टाइप ऑफ हेयर स्टाइल नेल आर्ट बिंदियों के प्रकार और फेस प्रकार के चार्ट बनाकर प्रदर्शनी लगाई गई। मॉडल प्रदर्शनी का विद्यालय प्राचार्य मनोज चतुर्वेदी सहित शिक्षकों ने अवलोकन किया एवं प्रथम एवं द्वितीय सर्वश्रेष्ठ मॉडल एवं चार्ट बनाने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया। विद्यालय के शिक्षकों ने सत्र 2025 के विद्यार्थियों को ब्यूटी एंड वैलनेस के सर्टिफिकेट भी प्रदान किए।

## बाल श्रम उन्मूलन को लेकर जिला बाल श्रम टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

**नलखेड़ा।** जिले में होटल एवं अन्य संस्थानों में बाल श्रम पर प्रभावी नियंत्रण हेतु निरंतर कार्रवाई की जाए तथा बाल श्रमिक पाए जाने पर संबंधित नियोजकों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, यह निर्देश कलेक्टर प्रीति यादव ने सोमवार को जिले की बाल श्रम टास्क फोर्स की बैठक में दिए। कलेक्टर सभाकक्ष में आयेजित बैठक में अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. दिनेश देहलवार, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास राजीव गुप्ता, जिला रोजगार अधिकारी संजीव पाटील सहित टास्क फोर्स के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में सहायक श्रम पदाधिकारी बी.एल. राठौर द्वारा बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बाल श्रम उन्मूलन हेतु किए जा रहे प्रयासों, कानूनी प्रावधानों एवं सतत जागरूकता अभियानों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बाल श्रम रोकथाम के लिए गठित जिला स्तरीय दल द्वारा निरंतर भ्रमण किए जाने से बाल श्रम के नियोजन पर प्रभावी अंकुश लगा है। बैठक में बाल श्रम उन्मूलन में पेंसिल पोर्टल की महत्वपूर्ण भूमिका बताते हुए इसके अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार पर जोर दिया गया। बैठक में यह भी बताया गया कि जिले में टास्क फोर्स एवं श्रम विभाग की संयुक्त टीम द्वारा संस्थानों, दुकानों, होटल, रेस्टोरेंट एवं सार्वजनिक स्थलों पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है तथा बालक एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 की धारा 12 के अंतर्गत नियोजकों द्वारा सूचना का स्पष्ट एवं अनिवार्य प्रदर्शन सुनिश्चित कराया जा रहा है।

## पूर्णिमा पर हुई पंचमुखी हनुमान मंदिर पर महाआरती



**नलखेड़ा।** रविवार को पूर्णिमा के अवसर पर नगर के मध्य चौक बाजार में स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर महाआरती का आयोजन हुआ। रविवार सायं 7.30 बजे श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर हनुमान जी की महाआरती हुई। राम स्तुति के बाद महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### ठंड और कोहरे को देखते हुए प्रशासन था पहले से ही अलर्ट

# भक्तों ने कड़ाके की ठंड में लगाई आस्था की डुबकी माघ पूर्णिमा स्नान करने नर्मदा घाट पर उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



रविवार को माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। बदले हुए मौसम, सर्द हवाओं और घने बादलों के बीच हजारों श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा और पार्वती नदी के घाटों पर पुण्य की डुबकी लगाई।

हालांकि सुबह की कडक़ड़ाती ठंड और कोहरे की वजह से शुरुआत में भीड़ कुछ कम रही, लेकिन दिन चढऩे के साथ ही नर्मदे हर के जयकारों से तट गूंज उठे।बता दें रविवार सुबह की शुरुआत घने कोहरे और ठंडी हवाओं के साथ हुई। सुबह 8.30 बजे तक सूरज के दर्शन नहीं हुए थे, जिसके कारण तडक़े स्नान करने वालों की संख्या अन्य वर्षों के मुकाबले कम देखी गई। ठिठुरन ऐसी थी कि शरीर कांप जाए, लेकिन श्रद्धालुओं की आस्था कम नहीं हुई।

जैसे ही मौसम थोड़ा साफ हुआ, भक्तों की टोलियां ट्रैक्टर ट्रॉली और निजी वाहनों से घाटों पर पहुंचने लगीं। भक्तों ने स्नान के बाद तट पर दान-पुण्य किया और दीप दान कर सुख. समृद्धि की कामना की।

**सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम :** ठंड और कोहरे को देखते हुए प्रशासन पहले से ही अलर्ट पर था। किसी भी अनहोनी को रोकने के लिए प्रमुख घाटों पर होमगार्ड के गोताखोर तैनात किए गए थे। गहरे पानी की ओर बैरिकेडिंग की गई थी ताकि श्रद्धालु सुरक्षित सीमा के भीतर ही स्नान करें।

### जिले के प्रमुख घाटों पर रही रौनक

**नीलकंठ घाट:** नर्मदा और कोलार नदी के संगम पर स्थित इस घाट पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। स्नान के बाद भक्तों ने प्राचीन शिव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की।

**आंवली घाट:** अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध इस घाट पर ग्रामीण क्षेत्रों से आए हजारों लोगों ने डुबकी लगाई। सुबह से लेकर देर शाम तक यहां श्रद्धालु पवित्र स्नान के लिए पहुंचे।

**शाहगंज घाट:** नगर के पास स्थित इस पक्के घाट पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम रहे। यहां से नर्मदा के विहंगम स्वरूप के दर्शन करने दूरञ्दूर से लोग पहुंचे।

## सिद्धपुर रंग महोत्सव में व्याख्यान और नाटक का दिखा तालमेल



**सीहोर।** मृत्युंजय कल्चरल एवं वेलफेयर सोसायटी द्वारा सिद्धपुर रंगमहोत्सव का आयोजन प्रधानमंत्री एक्सीलेंस महाविद्यालय के सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत सुबह व्याख्यान के साथ की गई। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. मंझारी अग्निहोत्री व अध्यक्ष डॉ. रोहिताश्व शर्मा थे। मुख्य वक्ता नोरा रूथ कुमार थी। जिसका विषय भारतीय नाटको एवं पाश्चात्य नाटकों में अंतर था। इस व्याख्यान का उद्देश्य लिटरेचर से जुड़े लोगों, छात्र व छात्राओं के लिए शिक्षा प्रदान करना एवं उनकी जानकारी को बढ़ाना था। ताकि उन्हें और विस्तार से समझ आ सके इनके बीच का अंतर और उनके ज्ञान में इज़ाफ़ा हो। इसके बाद शाम को नाटक पाठशाला में ब्रह्मराक्षस, लोक गीत संगीत एवं कत्थक का आयोजन किया गया। जिसका निर्देशन तनुज व्यास, मांगीलाल ठाकुर और चारूलता चौरे द्वारा किया गया। जिसका दर्शकों ने बहुत आनंद लिया और तालियां बजाकर सभी कलाकारों का खूब उत्साहवर्धन किया।

## खबर संक्षेप

### अ.भा. कायस्थ महासभा महिला प्रकोष्ठ ने किया हल्दी कंकू का आयोजन

**देवास।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा देवास की महिला प्रकोष्ठ द्वारा हल्दी कंकू का कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला शहर अध्यक्ष निकिता निगम ने बताया कि कार्यक्रम की संयोजिका शशी खरे महिला प्रदेश उपाध्यक्ष के निवास स्थान पर देवास जिले की चित्रांश बहनों ने मिलकर हल्दी कंकु का कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। सर्वप्रथम महिला कार्यकारिणी ने महिलाओं से संबंधित सामाजिक विषयों पर चर्चा की एवं पूरे वर्ष के कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। साथ ही वर्ष 26 की नई बीसी के विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी चित्रांश बहनों ने वर्ष के कार्यक्रमों को वार्षिक कैलेंडर के रूप में तैयार करने की सहमति दी। जिला एवं शहर कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा नवनिर्मित चित्रगुप्त वाटिका के निर्माण को शीघ्र अति शीघ्र पूर्ण करने के लिए सभी से अधिक से अधिक तन, मन और धन से सहयोग प्रदान करने की अपील की गईं कार्यक्रम में सभी चित्रांश बहनों ने एक दूसरे को तिलक लगाकर सुहाग की सामग्री प्रदान की एवं कई मनोरंजक कार्यक्रम संगीत एवं नृत्य के साथ प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष शिमला श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष प्रियंका श्रीवास्तव, संगठन सचिव लीला सक्सेना,कार्यकारिणी सदस्य रेखा भटनागर, विद्या निगम, वरिष्ठ सलाहकार स्वाति श्रीवास्तव, सुधा श्रीवास्तव, कल्पना श्रीवास्तव, शिखा सक्सेना एवं शहर कार्यकारिणी की सचिव रश्मि श्रीवास्तव, सांस्कृतिक सचिव जय निगम, कार्यकारिणी सदस्य कविता श्रीवास्तव,रश्मि सक्सैना, उन्नति श्रीवास्तव ,मीरा खरे, अलका निगम, अनीता आदि उपस्थित रही। कार्यक्रम का समापन स्वल्पाहार के साथ किया गया।

### ऑपरेशन हवालात के तहत मात्र 12 घंटे के भीतर आरोपी हथियार सहित गिरफ्तार

# रातभर चली सर्चिंग में खूंखार आरोपी को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर किया गिरफ्तार

### खूंखार अपराधी ने माता-पिता और भाई पर किया था जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले के ग्राम गंधर्वपुरी में शनिवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई थी जहां एक युवक ने अपने ही माता-पिता और ममेरे भाई पर कुल्हाड़ी और दराते से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए सोनकच्छ से जिला चिकित्सालय देवास लाए थे। यहां प्राथमिक उपचार कर माता-पिता को इंदौर रेफर कर दिया है। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की।पुलिस ने आरोपी अर्जुन सिंह कुशवाह के विरुद्ध थाना सोनकच्छ पर अपराध क्रमांक 50/2026 धारा 109(1),296(बी.),118(1),बी.एन.एस.का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

घटना को अंजाम देने के पश्चात आरोपी मौके से फरार हो गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोद द्वारा आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए, जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी(पुलिस) सोनकच्छ दीपा मांडवे के निर्देशन में थाना प्रभारी सोनकच्छ निरीक्षक अजय गुर्जर के नेतृत्व में 04 विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा तकनीकी साक्ष्य,भौतिक साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय




किए गए। पुलिस टीमों द्वारा पूरी रात ग्राम गंधर्वपुरी,गढ़ खजुरिया एवं आसपास के जंगलों एवं खेतों में संभावित ठिकानों पर सघन सर्चिंग की गई। लगातार प्रयासों के फलस्वरूप सोनकच्छ पुलिस द्वारा मात्र 12 घंटों के भीतर "ऑपरेशन हवालात" के तहत फरार आरोपी को घटना में प्रयुक्त हथियारों सहित गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी अर्जुन सिंह कुशवाहा पिता जगन्नाथ सिंह कुशवाह उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम गंधर्वपुरी देवासस को गिरफ्तार किया है। उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी सोनकच्छ निरीक्षक अजय गुर्जर, उनि हिमान्शु पान्डे,सउनि आर.सी.पोरवाल, प्रआर हरिओम यादव, धर्मेन्द्र सिंह, राजेश लुवानिया, विकास पटेल, कुलदीप सिंह, आर सत्येन्द्र, लक्ष्मण, रघुवीर, कपील, अखिलेश, देवेन्द्र, रितेश की सराहनीय भूमिका रही।

# विवादित स्थल के 100 मीटर क्षेत्र के लिए निषेधाज्ञा लागू की

### भड़काऊ, भ्रामक संदेश के प्रसारण पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी देवास ऋतुराज सिंह ने आमजन की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने की दृष्टि से देवास शहर के स्टेशन रोड स्थित वादग्रस्त विवादित स्थल (सर्वे क्रमांक 83, 84, 85) देवास जूनियर एवं उसके आसपास के 100 मीटर क्षेत्र के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (1), (2) के तहत निम्नांकित निषेधाज्ञा लागू की है। जिसके तहत स्टेशन रोड स्थित वादग्रस्त विवादित स्थल की सीमा क्षेत्र के 100 मीटर दायरे में सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना एक स्थान पर एक समय में पांच या पांच से अधिक लोग एकत्रित नहीं होंगे। इलेक्ट्रोनिक संसाधन जैसे मोबाइल, कम्प्यूटर, मैसेज/चित्र, कर्मेंट, पोस्टर एवं अन्य सोशल मीडिया आदि पर उक्त संबंध में कोई भी भड़काऊ, भ्रामक संदेश के प्रसारण, अग्रेषण, सांप्रदायिक टिप्पणी आदि पर प्रतिबंधित रहेगा। बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के कोई भी व्यक्ति उक्त स्टेशन रोड



स्थित वादग्रस्त विवादित स्थल में प्रवेश नहीं करेगा। शांति-कानून व्यवस्था तथा आमजन की सुरक्षा व सुविधा में संलग्न और शासकीय कर्तव्य पर उपस्थित एवं ड्यूटीरत पुलिसकर्मियों/पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों के लिए यह निर्देश लागू नहीं होंगे। कानून एवं शांति व्यवस्था बनाएं रखने हेतु इन्हें आवश्यक वैधानिक छूट प्राप्त होगी। अनुविभागीय दण्डाधिकारी, देवास नगर पुलिस अधीक्षक, देवास से परामर्श कर आवश्यक प्रतिबंध शर्तों पर कार्यवाहीं हेतु सक्षम आधिकारी रहेंगे। आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध होगा।

### जिले के खिलाड़ियों का एशियन जूनियर भारतीय सॉफ्ट टेनिस टीम में चयन




**देवास।** विश्वामित्र अवार्डी सुदेश सांगते ने बताया कि लुधियाना, पंजाब में 3 फरवरी से 8 फरवरी तक होने जा रही 2 री एशियन जूनियर सॉफ्ट टेनिस प्रतियोगिता आयुवर्ग 15, 18, 21 बालक/बालिका में देवास के 21 आयुवर्ग में अनुष्का दवंडे, अंशिका कनोजियो, लैश्राम लिंडा, 18 वर्ष आयु समूह में निपुण संगते ,आदित्य बालोदिया,रोशन मुकाती,समर्थ भार्गव,वैष्णवी रघुवंशी,जयश उपाध्य,हिमांशु शर्मा खिलाड़ियों के चयन पर मध्यप्रदेश सॉफ्टटेनिस संघ की अध्यक्ष डॉ आयुषी देशमुख, सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, मध्यप्रदेश सॉफ्टटेनिस संघ की सचिव माया सांगते, भाजपा जिला महामंत्री राजेश यादव, देवास जिला सॉफ्टटेनिस के अध्यक्ष महेश चौहान, प्रदेश संघ की उपाध्यक्ष डॉ समीरा नईम, खेलगुरु राधेश्याम सोलंकी, श्रीकांत उपाध्याय, हेमेन्द्र निगम काकू, मनीष जायसवाल, प्रवीण सांगते, कोच गौरव कदम ,कोच प्रीति पंवार ,कमल सिंह,आदि ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

# आलु व्यापारी युवक की हत्या की जांच में जुटी चापड़ा पुलिस, हर पहलू पर कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

नगर करनावद निवासी एक युवक की निर्मम हत्या 1 फरवरी को भमोरी के समीप जंगल में अज्ञात बदमाशों द्वारा कर दी गई थी। मृतक सतीश पाटीदार जो कि आलू का व्यापार करता था। इस घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। वहीं पुलिस व अन्य सभी टीमों द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर शव का पीएम कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया था। वहीं रविवार देर रात्रि को मृतक का नगर करनावद में अंतिम संस्कार किया गया। इस घटनाक्रम को लेकर कई प्रकार की चर्चाएं की जा रही है। किन कारणों के चलते युवक की हत्या की गई है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। हर किसी का कहना है कि जिस क्षेत्र में इस घटना को अंजाम दिया गया है उसे क्षेत्र में कोई अधिक आता जाता नहीं है ना ही वही उसे क्षेत्र में अधिक कृषि भूमि है। फिर युवक वहां पर कैसे पहुंचा जैसी कई पहेलियां इसमें छुपी हुई है। थाना प्रभारी सर्जन



सिंह मीणा ने बताया कि मृतक युवक से जुड़े हर पहलू पर जांच की जा रही है। मृतक के बैकग्राउंड को भी देखा जा रहा है कि उसका किस प्रकार से व्यवहार था और जो आलू व्यापार का काम करता था। उसमें किसी से विवाद था या नहीं, हत्या से जुड़े हर विषयों पर गंभीरता से जांच की जा रही है। सोमवार तक पुलिस को इस पूरे हत्याकांड को लेकर कोई पुख्ता सबूत हाथ नहीं लगा था। मीणा ने बताया कि उम्मीद है कि जल्द ही इस हत्याकांड का खुलासा हो सकता है क्योंकि मृतक से जुड़े हर पहलू पर गंभीरता से जांच की जा रही है। घटनास्थल से पुलिस ने फुटा हुआ एक मोबाइल भी जप्त किया है।



# मराठा समाज का परिचय सम्मेलन 22 मार्च को होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

क्षत्रिय मराठा जाती युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह 22 मार्च को उज्जैन रोड स्थित श्याम गार्डन परिसर में सम्पन्न होगा। क्षत्रिय मराठा नवनिर्माण समिति अध्यक्ष दिलीप बांगर ने बताया कि अखिल भारतीय मराठा युवक-युवती निशुल्क परिचय सम्मेलन के माध्यम से यह सम्मेलन विवाह योग्य युवक-युवती को अपने योग्य जीवन साथी चुनने का अवसर प्रदान करने का कार्य समिति कर रही है।

22 मार्च को होने वाले सम्मेलन के फार्म मप्र के विभिन्न जिलों के साथ छत्तीसगढ़, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, हरियाणा (पानीपत) में रहने वाले वाले मराठा बन्धुओ तक उपलब्ध करा दिये गये है, विवाह योग्य युवक-युवती अपना पंजीयन फार्म भरकर दि. 17 मार्च 2026 तक जमा करा सकते है। सम्मेलन की स्मारिका का प्रकाशन 22 मार्च को होकर यह स्मारिका निःशुल्क उन्हें प्रदान की जाएगी, जिन्होने फार्म भरकर पंजीयन कराया है।

समिति द्वारा आयोजित सम्मेलन निःशुल्क होकर सम्मेलन में शामिल समाज बंधुओं को भोजन आदि व्यवस्था समिति द्वारा निःशुल्क कराई जाएगी। समिति के हेमंत चव्हाण, नितिन गांगुर्डे, संतोष मोदी, भालेराव मिसाल, श्रीमती आशा बांगर, श्यामराव पाटील, अशोक राव थिटे, श्याम राव बोराडे, अनिल भंवर, रिंकेश राव जाधव, भालचंद्र ताकोणे, संजय झरबडे, शकुंतला झामरे, शिरीष इंदुलकर, मुकुल बांगर, प्रकाश राव चव्हाण ने सभी मराठा जाति बंधुओं से आग्रह करते हुए विवाह योग्य अपने परिवार के युवक-युवतियों के फार्म अंतिम दिनांक के पूर्व भरकर सम्मेलन को सफल बनाने में समिति का सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

# डॉ. नेहा आनंद बनीं आईडीए देवास की अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) देवास शाखा के सत्र 2026-27 का स्थापना समारोह एवं दंत व्याख्यान बीते शनिवार को आयोजित किया गया। समारोह में पूर्व अध्यक्ष डॉ. वकार अहमद ने डॉ. नेहा आनंद को नए सत्र के लिए शाखा अध्यक्ष मनोनीत किया। इस अवसर पर भोपाल से पधारे डॉ. विप्लव जोशी ने दंत चिकित्सा एवं कानून विषय पर व्याख्यान दिया। शाखा सचिव डॉ. निष्ठा जैन के संचालन में सत्र 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक रहे। विशेष अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश इंडियन डेंटल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. जी. डी. अवधिया एवं डॉ. राजीव श्रीवास्तव उपस्थित रहे। पूर्व अध्यक्ष डॉ. वकार अहमद ने अपने कार्यकाल में किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए सहयोगियों के योगदान की सराहना की। नव-निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. नेहा आनंद ने देवास



शाखा के भविष्य के प्रयासों में विश्वास जताते हुए शाखा की प्रगति की सराहना की। व्याख्यान में डॉ. विप्लव जोशी ने दंत चिकित्सकों द्वारा जाने-अनजाने में होने वाली कानूनी त्रुटियों पर प्रकाश डालते हुए उनसे बचाव के उपाय बताए। कार्यक्रम में डॉ. नितिन मुंगी, डॉ. प्रतीक श्रीवास्तव, डॉ. वरुण आनंद, डॉ. वरुण त्रिपाठी, डॉ. अंकित अग्रवाल, डॉ. अशोक सेंधव, डॉ. राहुल राठौर, डॉ. यशस्विनी चौधरी, डॉ. चेतना जायसवाल, डॉ. तौसीफ शेख, डॉ. रोहित यादव, डॉ. वसीम पठान, डॉ. शमा पठान, डॉ. शेनिला कुरैशी, डॉ. तंज़लि कुरैशी, डॉ. विष्णु जायसवाल, डॉ. किरण मिश्रा, डॉ. राहुल श्रीवास्तव, डॉ. गजाला परवीन, डॉ. अरुण परमार, डॉ. चेतन जोशी, डॉ. राजसी केलकर, डॉ. अभिराज सोनी, डॉ. वैदिक पटेल एवं मानस वर्मा उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन डॉ. अभिषेक सोनी ने किया।

# वाहन चोर को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद द्वारा जिले में चोरी,नकबजनी की वारदातो पर अंकुश लगाने एवं उक्त घटनाओं में संलिप्त आरोपियो को गिरफ्तार कर सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्दिशित किया गया है । इसी क्रम में 12 दिसंबर को फरियादी ने थाना कोतवाली पर आकर रिपोर्ट दर्ज करवाई कि मेरे घर के सामने रखी मोटरसाईकिल वाहन क्रमांक MP41NB1550 को कोई अज्ञात व्यक्ति चुराकर ले गया है । रिपोर्ट पर से थाना कोतवाली पर अपराध क्रमांक 895/2025 धारा 303 (2) BNS का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी



कोतवाली निरीक्षक श्यामचन्द्र शर्मा के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया । पुलिस टीम के द्वारा तकनीकी साक्ष्य,भौतिक साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय कर घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीव्ही कैमरा चेक किये गये । जिसमें आरोपी के द्वारा घटना कारित कर भागना कैद हुआ । सीसीटीव्ही फुटैंज एवं विश्वसनीय मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी सचिन हाडा पिता झलक सिंह हाडा उम्र 20 वर्ष निवासी इल्यासखेड़ी पोस्ट मुंडला दांगी तहसील टोंकखुर्द थाना पीपलरावा जिला देवास को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से चोरी गई मोटरसाईकिल (HF Deluxe) वाहन क्रमांक MP41NB1550 को जप्त कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है । उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्यामचंद्र शर्मा,सउनि हरिशंकर गोदार,प्रआर गोपाल सिंह दोहरे,आर मनीष सिंह राजपूत,अभिषेक सिंह पंवार का सराहनीय योगदान रहा ।

### कांग्रेस ने निकाली मनरेगा बचाओ संग्राम यात्रा, सौंपा ज्ञापन

# मांगः योजना का नाम राष्ट्रपिता गांधी के नाम पर ही रखा जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना का नाम बदला गया है इसको लेकर सोमवार को जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम और जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व शिवाजी पार्क स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के पश्चात कांग्रेस जनों की एक महासंग्राम यात्रा शुरू होकर कलेक्टर कार्यालय पहुंची। जहां राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर रितु चौरसिया को सोपा गया।

ज्ञापन में कहा गया कि 20 वर्ष पूर्व ,पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के कार्यकाल में सरकार ने महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम को लागू कर संविधान में निहित काम के अधिकार को लागू किया था जो ग्रामीण भारत की रीढ़ साबित हुआ है। मनरेगा के तहत 180 करोड़ से अधिक कार्य दिवसों का सृजन हुआ है गांव के तालाब और सड़कों जैसी लगभग 10 करोड़ परी संपत्तियों का निर्माण हुआ है,परंतु मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना में छेड़छाड़ और नाम परिवर्तन करने से आम जनमानस में इसका घोर विरोध है। मनरेगा योजना का नाम महात्मा गांधी बदलकर जहां राष्ट्रपिता




का अपमान किया गया है। वहीं योजना के महत्वपूर्ण बिंदु बदलकर इस महत्वाकांक्षी योजना को बंद करने का कुत्सित प्रयास दिखाई दे रहा है। वही कई बदलाव किए गया है पहले योजना में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को काम की गारंटी प्राप्त थी। अब यह सरकार की मर्जी से बाती जाने वाली रेवड़ी बन जाएगी ,पहले ग्राम पंचायत अपनी जरूरत के अनुसार स्वयं विकास की परियोजना बनती थी अब ठेकेदारों को लाया जाएगा और मजदूर ठेकेदारों की परियोजना बन कर रह जाएगी। अब ना मनरेगा में मेट्स होंगे ना ही रोजगार सहायक। पहले योजना के क्रियान्वयन में 90% सहयोग राशि केंद्र की होती थी अब केंद्र की सहयोग राशि 60% एवं 40% प्रदेश सरकार का अंश होगा। इसी के साथ ज्ञापन में कहा गया है कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस मनरेगा बचाव संग्राम का नेतृत्व कर रही है यह मनरेगा की बहाली के लिए आवाजों को मजबूत प्रदान करने वाला देशव्यापी आंदोलन ने हमारा लक्ष्य बिल्कुल स्पष्ट है।

काम के अधिकार, मजदूरी के अधिकार और जवाब देही के अधिकार की बहाली। इस अवसर पर कांग्रेस जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम एवं जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष मनीष चौधरी, कांग्रेस नेता शौकत हुसैन, भगवान सिंह चावड़ा ने भी संबोधित करते हुए मनरेगा योजना का नाम बदलने को लेकर राष्ट्रपति से अनुरोध किया कि इसका नाम राष्ट्रपिता के नाम पर ही रखा जाए। इस अवसर पर कांग्रेस नेता नजर शेख सुधीर शर्मा गुरु चरण सिंह सलूजा रितेश त्रिपाठी नरेंद्र यादव जितेंद्र सिंह गौड़ सुजीत सांगते उमेश झवर रूपेश कल्याने प्रतीक शास्त्री दिलीप सिंह सोलंकी हर्ष प्रताप सिंह गॉड जितेंद्र सिंह मंटू अजय सिंह राजोदा डा मंसूर शेख शाहिद मोदी, दिग्विजय सिंह झाला, हिम्मत सिंह चावड़ा, राधा किशन सोलंकी, कल्याण सिंह पवार, अक्षय बाली, गुलाब सिंह, शहीद मोदी, प्रदीप बनाफर, हाफिज घोसी दिग्विजय सिंह झाला सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे। आभार सेवादल अध्यक्ष ज्ञान सिंह दरबार ने माना ज्ञापन का वाचन अध्यक्ष प्रयास गौतम ने किया।

# ग्राम पंचायत करौंदिया में देवास बाल वाटिका का कराया निर्माण



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशन में नवाचार कर ग्रामों में बाल वाटिकाएं बनाई जा रही है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ज्योति शर्मा के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत बागली की ग्राम पंचायत करौंदिया में उत्कृष्ट कार्य कर बाल वाटिका का निर्माण किया गया है। इस बाल वाटिका के निर्माण से ग्राम पंचायत में बच्चों के बीच अत्यधिक उत्साह और आनंद का वातावरण है। यहाँ बच्चों के लिए खेल, शिक्षा और प्रकृति के निकट सीखने के नए अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यह पहल न केवल बच्चों के समग्र विकास की दिशा में एक सशक्त कदम है, बल्कि पंचायत में स्वच्छ, सुंदर और शिक्षाप्रद वातावरण स्थापित करने की मिसाल भी है।

## खबर संक्षेप

### नाबालिग पुत्री को भगा ले जाने का आरोप

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री जो कि 31 जनवरी को अपने स्कूल राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज गयी हुयी थी। काफी देर तक जब वह विद्यालय नहीं पहुंची तो उसने आसपास व रिश्तेदारी में जानकारी की। लेकिन पुत्री का पता नहीं चला। आरोप है कि पुत्री की सहेली ने बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री को मध्य प्रदेश के जिला अशोकनगर के थाना चन्देरी अंतर्गत ग्राम गोरा निवासी अभिषेक पुत्र हरीराम अपने साथ बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने अभिषेक विवेचना शुरू कर दी।

### वाट्सएप पर अश्लील वीडियो भेजने का आरोप

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत एक मोहल्ले में रहने वाली महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि सोशल मीडिया पर उसके व्हाट्सऐप पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा अश्लील मैसेज 25 जनवरी से भेजे जा रहे हैं। आरोप है कि जब उसने फोन लगाकर इसका विरोध किया तो उक्त अज्ञात व्यक्ति द्वारा उससे अश्लीलता कर धमकाया गया। आरोप है कि उक्त व्यक्ति अभी भी उसे अश्लील मैसेज, वीडियो इत्यादि भेज रहा है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आईटी एक्ट की धारा 67 ए के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### अकेली पुत्री को गालियां देकर किया हमला

**ललितपुर।** महरौनी थानान्तर्गत ग्राम सिंदवाहा में रहने वाले राधाचरण पुत्र गोकुल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 29 जनवरी को अपराह्न करीब 1.30 बजे वह मजदूरी करने गया हुआ था और उसकी पुत्री घर में अकेली थी। तभी गांव के करन पुत्र मनोज आया और अकारण ही उसकी पुत्री को गालियां देने लगा। विरोध करने पर उक्त करन उसकी पुत्री पर हमलावर हो गया। जब पुत्री चिल्लायी तो रामकली पत्नी शिवराज व उसकी पत्नी बचाव करने पहुंची तो करन ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

### कथा के अंतिम दिवस निकाली भव्य शोभायात्रा

**सीहोर।** भगवान शिव की कथा मानव जाति को सुख समृद्धि व आनंद देने वाली है क्योंकि भगवान शिव कल्याण एवं सुख के मूल स्त्रोत हैं। वे संपूर्ण विद्याओं के ईश्वर समस्त भूतों के अधीश्वर, ब्रह्मवेद के अधिपति तथा साक्षात परमात्मा हैं। रविवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा का अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा की गई।

---

#### विभिन्न मंत्री, अधिकारी, प्रकृति प्रेमी कार्यक्रम में शामिल हुए

# वन डिस्ट्रिक्ट, वन वेटलैंड के लक्ष्य की ओर अग्रसर उत्तर प्रदेश: जयवीर सिंह





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

सोमवार को विश्व आर्द्रभूमि दिवस के अवसर पर ललितपुर के देवगढ़ स्थित महावीर स्वामी वन्यजीव अभ्यरण में नेचर एंड वर्ड फेस्टिवल का आयोजन किया गया, जहां उप्र शासन के मंत्री, पर्यटन एवं संस्कृति जयवीर सिंह, वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री अरुण कुमार सक्सेना एवं राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और झांसी-ललितपुर क्षेत्र में 24 करोड़ से अधिक की पर्यटन विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी अतिथियों ने आयोजन स्थल से पहले बनाये गए बर्ड विलेज में ठहरकर प्रकृति के लुभावने दृश्यों का आनन्द लिया, इसके बाद मुख्य आयोजन स्थल की ओर रवाना हुए। यहां पर उन्होंने सर्वप्रथम फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और 24 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का पट्टिकाओं का अनावरण कर लोकार्पण किया। उन्होंने परिसर में लगाये गए फोटो गैलरी, चित्र प्रदर्शनी व स्टॉलों का निरीक्षण कर सराहना की। उन्होंने मंच पर पहुंचकर मॉं सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन किया तत्तपश्चात प्रधान मुख्य वन संरक्षक/विभागाध्यक्ष सुनील कुमार चौधरी, मण्डलायुक्त बिमल कुमार दुबे, जिलाधिकारी सत्य प्रकाश, पुलिस अधीक्षक मो मुश्ताक, डीएफओ नवीन शाक्य सहित अन्य अधिकारीगणों ने मंत्रीगणों का बुके भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग उप्र मनोहर लाल पंथ,सदर विधायक रामरतन कुश्वाहा, जिलाध्यक्ष भाजपा हरीशचन्द्र रावत, प्रमुख सचिव पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनिल कुमार सहित जिले के अन्य जनप्रतिनिधिगण, निदेशक इको पुष्प कुमार के सहित इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड, पर्यटन विभाग एवं वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, प्रकृति प्रेमी, स्थानीय नागरिक, बर्डिंग एवं ट्रैकिंग से जुड़े विशेषज्ञ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के कलाकार उपस्थित रहे। राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज सहित अन्य कॉलेजों की छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत व सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी।

इसके उपरान्त कार्यक्रम में सारस गणना 2025 कॉफी टेबल बुक व डॉक्यूमेन्ट्री का विमोचन किया गया, इसके बाद फोटोग्राफी, स्लोगन व चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये गए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि पर्यटन विभाग और वन विभाग संयुक्त रूप से उत्तर प्रदेश में ईको टूरिज्म को शिखर पर पहुंचाने के लिए कटिबद्ध है। हमारा प्रयास है कि वैश्विक इको पर्यटन मानचित्र पर बुंदेलखंड को विशिष्ट स्थान प्राप्त हो, बर्ड फेस्टिवल इसकी आधारशिला है मंत्री जयवीर सिंह ने आगे कहा ललितपुर का देवगढ़ क्षेत्र ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक रूप से अत्यंत समृद्ध है। यहां प्राचीन काल के जैन मंदिर, बौद्ध गुफाएं, दशावतार मंदिर के साथ-साथ बेतवा नदी के किनारे जैव-विविधता और वन्यजीवों के सरंक्षण का अद्भुत केंद्र है। केवल देवगढ़ ही नहीं पूरा ललितपुर पर्यटन आकर्षणों से भरा है। नेचर एंड बर्ड फेस्टिवल के दौरान आमलोग पक्षियों को देख सकते हैं, प्रकृति के बीच भ्रमण कर सकते हैं तथा आर्द्रभूमि संरक्षण से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का हिस्सा बन सकते हैं।

### ईको टूरिज्म विकास बोर्ड अंबेसडर तैयार कर रहा

पर्यटन मंत्री ने कहा कि इंटरनेशनल वेटलैंड डे पर जानकारी देते हुए हर्ष हो रहा है कि केंद्र सरकार की एक जनपद, एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना और राज्य सरकार की वन डिस्ट्रिक्ट, वन क्यूज़ीन योजना के बाद हम वन डिस्ट्रिक्ट, वन वेटलैंड की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म विकास बोर्ड भविष्य के ब्रांड अंबेसडर भी तैयार कर रहा है। युवा टूरिज्म क्लबों के सदस्यों को विभिन्न अवसरों पर विस्टाडोम कोच, विभिन्न पक्षी विहारों सहित नजदीक प्राकृतिक स्थलों का भ्रमण कराया जाता है।

### रामसर साइट्स-टाइगर रिजर्व के पास पर्यटन विकास

*पर्यटन मंत्री ने कहा कि पिछले दिनों हुई संयुक्त बैठक में वन विभाग ने बताया कि अब तक 52 वेटलैंड सूचीबद्ध किए जा चुके हैं। यहां पर्यटन सुविधाओं के विकास पर सहमति बनी है। इस प्रदेश के प्रत्येक जिले पर्यटकों को आकर्षित करेंगे। दोनों विभागों के बीच प्रदेश की 11 रामसर साइट्स और 04 टाइगर रिजर्वों के आसपास पर्यटन सुविधाओं के विकास पर सहमति बनी है। उत्तर प्रदेश की प्राकृतिक धरोहर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए विभिन्न राज्यों और देशों के टूर ऑपरेटरों एवं यात्रा व्यवसायियों की फैम ट्रिप आयोजित की जा रही है। हाल में ही यूके, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका से आए प्रतिनिधि न केवल राज्य के सौंदर्य से आकर्षित हुए, बल्कि उत्तर प्रदेश के डेस्टिनेशन को अपनी आइटनरी में शामिल भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड घरेलू और विदेशी पर्यटकों की पहली पसंद बने। पर्यटन स्थलों और पर्यटकों की सुविधाओं पर तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है। अरुण सक्सेना, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने कहा, नेचर एंड बर्ड फेस्टिवल-2026 उत्तर प्रदेश की समृद्ध जैव-विविधता, पक्षी संरक्षण और पर्यावरणीय संतुलन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का उदाहरण प्रस्तुत करता है। यह उत्सव न केवल प्रदेश के वेटलैंड्स, वन क्षेत्रों और प्रवासी पक्षियों की महत्ता को रेखांकित करता है, बल्कि नागरिकों विशेषकर युवाओं को प्रकृति के संरक्षण के लिए जागरूक और प्रेरित भी करता है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को समृद्ध प्राकृतिक विरासत मिल सके।*

### नदियां, वेटलैंड्स, प्रवासी पक्षी हमारी धरोहर

*वन मंत्री अरुण सक्सेना ने कहा कि उत्तर प्रदेश की नदियां, वेटलैंड्स, वन क्षेत्र और प्रवासी पक्षी हमारी प्राकृतिक धरोहर हैं, जिनका संरक्षण आवश्यक है। नेचर एंड बर्ड फेस्टिवल-2026 यह संदेश देता है कि विकास तभी सार्थक है जब वह प्रकृति के संतुलन के साथ हो। प्रदेश सरकार जैव-विविधता संरक्षण, पक्षी आवासों के संरक्षण और हरित भविष्य के निर्माण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ निरंतर कार्य कर रही है। राज्यमंत्री, सदर विधायक, जिलाध्यक्ष भाजपा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों व अधिकारियों ने अपने सम्बोधन में जिले के पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने, रोजगार सृजन व भावी पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण की महत्ता पर प्रकाश डाला। मंचासीन अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।*

---

#### अमझरा घाटी में विदाई दी

## श्रीसत्य साईं प्रेम प्रवाहिनी रथ मप्र के लिए रवाना





**ललितपुर।** भगवान श्री सत्य साईं बाबा के सार्वभौमिक संदेश सबसे प्रेम करो, सबकी सेवा करो को जन-जन तक पहुँचाने वाली श्री सत्य साईं प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा सोमवार सुबह उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जनपद ललितपुर से मध्य प्रदेश के लिए प्रस्थान कर गई। प्रस्थान अवसर पर वातावरण भक्ति, श्रद्धा और भावनाओं से सराबोर रहा।

सुबह रथ यात्रा अग्रवाल रेजिडेंसी, ललितपुर से प्रारंभ होकर कचहरी चौराहा, जेल चौराहा, ईलाइट होते हुए मसौरा पहुँची, जहाँ देवेन्द्र कुशवाहा एवं ग्रामीणजनों द्वारा रथ यात्रा का पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया गया। इसके उपरांत रथ यात्रा अमझरा घाटी स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पहुँची, जहाँ बाबा के रथ का भव्य स्वागत किया गया। मंदिर प्रांगण में विधिवत आरती एवं पूजन संपन्न हुआ। तत्पश्चात अमझरा घाटी की गौशाला में रथ यात्रा की हैंडिंग ओवर सेरेमनी आयोजित की गई। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के प्रांताध्यक्ष सचिन नेब एवं मध्य प्रदेश के प्रांताध्यक्ष अमित दुबे सहित 100 से अधिक साईं भक्तों ने नम आँखों से बाबा के रथ को विदाई दी। विदाई क्षण अत्यंत भावुक रहे। कार्यक्रम के दौरान हरेंद्र सिंह बुंदेला राजू राजा एवं उनके परिवार द्वारा श्री सत्य साईं प्रेम प्रवाहिनी रथ का भव्य स्वागत किया गया तथा स्वामी को भोजन प्रसाद अर्पित किया गया। रथ यात्रा के मध्य प्रदेश की ओर प्रस्थान के साथ ही भक्तों ने बाबा से पुनः आगमन की कामना की। रथ यात्रा ने ललितपुर में अपने प्रवास के दौरान प्रेम, सेवा, सद्भाव एवं मानव एकता का सशक्त संदेश दिया। रथ यात्रा के आगमन अवसर पर संजय श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, शरद खैरा, हाकिम सिंह, स्वामी अनुराग अमर, डा.जगवीर सिंह, रमन शर्मा लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा, वसीम खजुरिया, राघवेंद्र सिंह खोखरा, वृषभान सिंह रमन शर्मा रमेश श्रीवास्तव, सुरेश त्रिपाठी, मुकुल शर्मा, रामखेलावन यादव, सुरेश यादव, मोहन यादव, हरि सिंह यादव, नारायण सिंह यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## मारपीट कर धमकाने का आरोप

**ललितपुर।** थाना सौजना के ग्राम गुढ़ा में रहने वाले देवेन्द्र पुत्र बालचंद्र अहिरवार ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीती 31 जनवरी को शाम करीब साढ़े सात बजे वह अपने घर के सामने बैठा था, तभी गांव के सुरेन्द्र व अरविन्द पुत्र मलुआ ने उसे गालियां दीं। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट कर दी, जिससे उसके सिर व कान में गंभीर चोटें आयीं। शोरगुल सुनकर उसकी पत्नी अवधेश व मां रब्बू बचाने पहुंची तो उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

#### ग्रामीणों ने पुलिस को दिया शिकायती पत्र

## सोने, चांदी के जेवरात गिरवी रखकर हड़पने का आरोप

ललितपुर। सोने-चांदी की कीमतें लगातार घटने-बढ़ने का मामला एक तरफ और कम दाम में सोना-चांदी गिरवी रखकर उसका लाभ उठाकर लोगों के जेवरात वापस नहीं करने का मामला प्रकाश में आया है। इस सम्बन्ध में ग्रामीणों ने लामबंद होकर कोतवाली पुलिस को एक लिखित शिकायती पत्र दिया है। दरअसल, निकटवर्ती ग्राम पटौराखुर्द में रहने वाले ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि उसके साथ कल्यानपुरा निवासी विजय पुत्र खिलान सिंह, पर्वत पुत्र रघुवीर, ग्राम रोंडा निवासी कुसुम पत्नी जगदीश बुनकर, नदनवारा निवासी रामसिंह, सिलगन निवासी नन्दलाल कुशवाहा, पटौराखुर्द निवासी जाहर सिंह, रोडा निवासी सूरज, गनगौरा निवासी सुम्मेर सिंह व हरप्रसाद पुत्र रमुआ ने जूता-चप्पल मार्केट लाइन में जायसवाल का वाडा में सोने-चांदी की दुकान किये दो सगे भाइयों जिनके नाम व पता ग्रामीण जानते हैं के यहां वर्ष 2023 व 2025 में जेवर गिरबी रखे हुये थे, तबकि आज की मंहगाई के कारण उक्त युवकों के पिता ग्रामीणों को गुमराह कर अपने पुत्रों को गायब कर देता है। आरोप है कि पुलिस को भी गुमराह करते हुये सारा जेवर रख लिया है। आरोप है कि विगत दिवस सभी ग्रामीण जब उसके पास पहुंचे तो



पिता-पुत्र दोनों दुकान पर मिले, जिन्होंने दो दिन बाद जेवर ले जाने की बात कही। इस पर ग्रामीण सोमवार को जेवर लेने दुकान पर पहुंचे तो उक्त लोगों ने जेबर वापस नहीं दिया और झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी। ग्रामीणों ने बताया कि इस सम्बन्ध में पूर्व में भी शिकायती पत्र दिये, लेकिन कार्यवाही नहीं की। ग्रामीणों ने आमरण अनशन करने की चेतावनी देते हुये पुलिस से कार्रवाई किये जाने की गुहार लगायी है। इस दौरान पर्वत सिंह, रामसिंह, विजय सिंह, नन्दलाल कुशवाहा, हरप्रसाद, कुसुम के अलावा अनेकों ग्रामीण मौजूद रहे।

---

#### श्रीविश्वकर्मा समाज ने किया आयोजन

## भगवान विश्वकर्मा प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया

**ललितपुर।** कचहरी हनुमानजी मन्दिर में सामाजिक रजिस्टर्ड संस्था श्रीविश्वकर्मा समाज ललितपुर के तत्वाधान में भगवान विश्वकर्माजी का प्रकट्योत्सव बडे धार्मिक रीति-रिवाज अनुसार कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता संस्था के संरक्षक महेन्द्र प्रसाद पांचाल एड.ने की एवं संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार विश्वकर्मा नयाखेडा ने किया।

वहीं विशिष्ठ रूप से उपस्थित संस्थाध्यक्ष / संयोजक कन्हैयालाल विश्वकर्मा की विशिष्ठ भूमिका रही। विशिष्ठ अतिथि प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह एवं अतिथि विश्वकर्मा बी-5 अध्यक्ष विजय सोनी ड्योढिया, जिला पंचायत सदस्य अमर विश्वकर्मा घुटारी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम सुन्दरकाण्ड पाठ, विश्वकर्मा चालीसा, विश्वकर्मा आरती की गयी। इसके उपरान्त सामाजिक गोष्ठी आयोजित हुई जिसमें आये हुए अतिथियों को फूलमाला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया। समापन की घोषणा महामन्त्री नन्दलाल विश्वकर्मा ने आभार जताया। इस दौरान भोग प्रसाद वितरण कर भण्डारा किया। इस दौरान समाज के रमेश बबीना, शीलचन्द्र विश्वकर्मा, खिल्लूराम विश्वकर्मा, बद्रीप्रसाद विश्वकर्मा, लल्लूराम शर्मा, रामसेवक विश्वकर्मा, भैयालाल विश्वकर्मा, रामकुमार विश्वकर्मा, बाबूलाल विश्वकर्मा, हरप्रसाद पांचाल, गोपाल विश्वकर्मा, भगवानदास विश्वकर्मा, गोहनलाल विश्वकर्मा, सतेन्द्र विश्वकर्मा, रवि विश्वकर्मा, नाथूराम विश्वकर्मा, अनन्तराम विश्वकर्मा, विनोद विश्वकर्मा, रामदास विश्वकर्मा, रामचरन विश्वकर्मा, अनिल कुमार, बनवारी विश्वकर्मा, नाथूराम विश्वकर्मा, सनत कुमार, किशनलाल, हरिनारायण झां. राजू विश्वकर्मा, रामबाबू विश्वकर्मा, प्रेमनारायण विश्वकर्मा, दीपक विश्वकर्मा, जुगलकिशोर, मुन्नालाल विश्वकर्मा, पहलवान सिंह ठाकुर, रतन सिंह ठाकुर, हाकिम सिंह, अभिषेक शुक्ला, राकेश कुमार, अशोक कुमार राय, अशोक विश्वकर्मा, दिनेश नामदेव, प्रेमलाल शर्मा, बनमाली विश्वकर्मा, रमेश विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

---

## सीनियर सिटीजन ने रैन बसेरा आवंटन करने की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कलेक्ट्रेट स्थित श्री हनुमान मंदिर पर सीनियर सिटीजन की एक मीटिंग हुई। बैठक में यह तय किया गया कि सीनियर सिटीजन के लिए एक मीटिंग हॉल की व्यवस्था नगर पालिका अध्यक्ष से पुनः की जाए विगत वर्षों से इसके लिए मांग करते चले आ रहे हैं। लेकिन ईओ का इस ओर कोई भी ध्यान नहीं दे रहे हैं जबकि पूर्व जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने आदेश किया था की 3 महीने में वरिष्ठजन को रेन बसेरा कोतवाली के सामने आवंटित किया जाए, लेकिन अधिशासी अधिकारी की हठधर्मिता के चलते



आज तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकती। इसलिए नए जिलाधिकारी से इस मांग को लेकर होना ज्ञापन दिया जाएगा और उनसे मांग की जाएगी की जाएगी। पुराने सारे आदेशों को लेकर फिर से अनुरोध किया जाएगा। एक और प्रस्ताव में मांग की गई की वर्तमान बजट में वृद्धजनों के लिए अतिरिक्त कोई सुविधा प्रदान नहीं की गई, जिसमें कोरोना कल से पहले वृद्ध जनों को सीनियर सिटीजन को रेल कंसेशन मिलता था, वह बंद कर दिया गया। अब फिर से वरिष्ठ जनों को रेल में छूट प्रदान की जाए तथा जो वृद्ध जनों की या सेवा में मृत लोग हैं। उनकी जमा पूंजी पर अतिरिक्त 5 प्रतिशत ब्याज दिए हो इसकी भी मांग की गई। बैठक में जयशंकर प्रसाद द्विवेदी, अशोक स्वर्णकार, गंधर्व सिंह लोधी, रमेश पाठक, राजाराम गोस्वामी, प्रमोद गोस्वामी, अरविंद कुमार संज्ञा, गिरजा शंकर दुबे, आत्माराम रिछारिया, मनजीत सिंह सरदार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

---

## अपनी ही क्लास के बाहर सत्याग्रह पर बैठे प्रोफेसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




पच्चीस माह से भी लम्बे समय तक बहाली को जबरन रोके रखते हुये आर्थिक व मानसिक उत्पीडन किये जाने का आरोप लगाते हुये नेहरू महाविद्यालय में पदस्थ प्रो.(मेजर) पंकज शर्मा ने सोमवार को महाविद्यालय परिसर में ही सत्याग्रह शुरू कर दिया।

विवश होकर शुरू किये गये सत्याग्रह के दौरान प्रो.(मेजर) पंकज शर्मा ने बताया कि 25 माह से भी अधिक समय से लम्बित जांच को अनावश्यक लटकाये रख दुर्भावनावश उनकी नियुक्ति बहाली को रोक, उनका व उनके परिवार का आर्थिक व मानसिक उत्पीडन किये जाने के विरूद्ध जब वह अपने कर्तव्य स्थल नेहरू महाविद्यालय के इतिहास विभाग के समक्ष प्रथम चरण में वह पूर्ण रूप से शान्तिपूर्वक तरीके से सत्य एवं न्याय के लिए क्रमिक सत्याग्रह पर बैठ गये हैं। इस सत्यागृह को लेकर नेहरू महाविद्यालय की प्रबंध समिति अध्यक्ष प्रदीप चौबे ने भी एक पत्र जारी करते हुये प्रो.(मेजर) पंकज शर्मा से लगाये जा रहे आरोपों को लिखित रूप से सत्य वक्तव्य जांच समिति के समक्ष प्रस्तुत करने की बात कही है। अब यह मामला कहां तक जाता है, यह तो भविष्य की गर्त में छिपा है।

---

## ट्रेनों पर पत्थरबाजी रोकने जीआरपी ने जागरूकता अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




आरपीएफ द्वारा ट्रेनों पर होने वाली पत्थरबाजी की घटनाओं की रोकथाम हेतु आईजी आरपीएफ प्रयागराज के आदेशों व दिशा-निर्देशों के अनुरूप कमांडेंट आरपीएफ झाँसी के कुशल निर्देशन व नेतृत्व में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट ललितपुर के उप निरीक्षक घनेन्द्र सिंह, सहायक उप निरीक्षक शशि भूषण मिश्र,हेड कांस्टेबल हरिकिशन, कांस्टेबल शुभम द्वारा ललितपुर-खजुराहो रेलखंड के आसपास वाले कई गांवों एवं क्षेत्रों में निगरानी करते हुए जागरूकता अभियान चलाया गया,जिसके तहत रेलवे में अपराध करने वाले छोटे-छोटे बच्चों के माता-पिता/अभिभावकों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाने की चेतावनी दी गई।

विद्यालयों में पहुंचकर शिक्षकों से अनुरोध किया गया कि वे स्कूल में आने वाले सभी बच्चों को रेलवे पटरी और क्षेत्रों से दूर रखने हेतु समझाते हुए निर्देशित करें साथ ही बच्चों के अभिभावकों तक संबंधित जानकारी एवं चेतावनी पहुंचाने में मदद करें,स्कूली-शिक्षकों द्वारा रेलवे में इस प्रकार की घटनाओं की रोकथाम हेतु यथासंभव मदद करने का आश्वासन दिया गया। ऐसे जागरूकता अभियान रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट ललितपुर द्वारा लगातार जारी हैं।

---

#### लायंस क्लब के निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 145 मरीजों की जांच

## सेवा, संवेदना व स्वास्थ्य का संगम : सन्मति सराफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कीर्तिशेष रामगोपाल साहू की पुण्य स्मृति में लायंस क्लब गर्व व स्थानीय एक हॉस्पिटल के तत्वावधान में सदनशाह चौराहा पर एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 145 मरीजों ने स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सकीय परामर्श का लाभ प्राप्त किया।

ग्रामीण अंचलों से आए नागरिकों, महिलाओं, वरिष्ठजनों एवं युवाओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। शिविर में हृदय रोग, कैंसर, लीवर रोग, सामान्य चिकित्सा एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी से संबंधित रोगों की निशुल्क जांच, परामर्श एवं प्रारंभिक स्वास्थ्य परीक्षण अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा किया गया। शिविर में सेवाएं देने वाले प्रमुख चिकित्सकों में डा.अनवर अली (हृदय रोग विशेषज्ञ), डा.अभिषेक शर्मा (कैंसर रोग विशेषज्ञ), डा.प्रदीप सोनी (जनरल




फिजिशियन), डा.प्रियेश बंसल (लेप्रोस्कोपिक सर्जन) एवं डा. शैलेंद्र जैन (लीवर रोग विशेषज्ञ) शामिल रहे। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन सन्मति सर्राफ ने कहा कि लायंस इंटरनेशनल विश्व की अग्रणी सेवा संस्थाओं में से एक है, जो 200 से अधिक देशों में स्वास्थ्य, शिक्षा, भूख निवारण, पर्यावरण संरक्षण एवं मानव कल्याण के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। ऐसे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं। हमारी डिस्ट्रिक्ट थीम सहजता से दान करें के अंतर्गत हम सेवा को सरल, सुलभ और प्रभावी बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। चिकित्सकों ने रोगों की रोकथाम, समय पर जांच तथा स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर भी प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि नगर विधायक रामरतन कुशवाहा, नपाध्यक्ष सोनाली जैन, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, लायन इण्टरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 321-बी2) एमजेएफ लायन सन्मति सर्राफ, आरएसएस जिला कार्यवाह आशीष चौबे, उप्रप्राशि संघ जिलाध्यक्ष विनोद निरंजन, ओ.पी. विरथरे, बृजमोहन संज्ञा मौजूद रहे। शिविर में रीजन चेयरपर्सन कैलाश अग्रवाल, जोन चेयरपर्सन डी.एस. विवेक, गिरीश कुमार साहू, जितेंद्र कुमार शर्मा, दीपक नामदेव, आजम बेग, रवि श्रीवास्तव, अनिल जैन, सुरेंद्र राठौर, संजय जैन, जितेंद्र जैन, लक्ष्मी साहू, नितिन श्रीवास्तव, शंकर राजा, धर्मेंद्र यादव, राजकुमार राठौर, इंद्रजीत कुशवाहा, नीलेश्वर राठौर, फूलचंद राठौर मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त हरपाल सिंह चंदेल, माधव, राजीव कटारे, नारायण पांडे, वीर दुबे, पुरुषोत्तम नारायण साहू, रामकिशोर विश्वकर्मा, बृजेश चौरसिया, अरविंद नायक, प्रमोद साहू, मनीष पटवारी, बृजेश साहू, राजपाल यादव, लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा, आचार्य, डा. आर.सी. साहू, राजीव गुप्ता, महेंद्र पेंट, सत्येंद्र प्रताप सिंह, हिमांशु मिश्रा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संचालन बृजमोहन संज्ञा व जितेंद्र जैन ने किया। अध्यक्ष गिरीश कुमार साहू ने आभार जताया।

### माध्यमिक शिक्षा मंडल के निर्देशों पर नकल प्रकरणों में कमी लाने की कवायद

# बोर्ड परीक्षाः नकल रोकने सभी 63 केंद्रों पर रखेंगे 'ईमानदारी की पेटी'


हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

आगामी 10 फरवरी से कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं का आगाज होने जा रहा है। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा इन परीक्षाओं में नकल (चीटिंग) पर अंकुश के लिए कई तरह की सख्ती बरतते हुए जिला एवं ब्लॉक स्तरों पर जहां उड़नदस्ते बनाए गए हैं, वहीं गांधीगिरी से भी नकल प्रकरणों में कमी लाने के प्रयास किए जाएंगे।

बोर्ड परीक्षाओं के लिए इस वर्ष जिले में कुल 63 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन सभी 63 परीक्षा केंद्रों पर एक बॉक्स रखा जाएगा जिसे 'ईमानदारी की पेटी' नाम दिया गया है। अगर कोई परीक्षार्थी घर से नकल पर्ची लाया और केंद्र पर पहुंचकर उसका मन बदला तो परीक्षा के पूर्व वो उन नकल पर्चियों को इस 'ईमानदारी की पेटी' में डाल सकता है। ऐसा करने पर उसका कोई नकल प्रकरण नहीं बनाया जाएगा पर शर्त यह रहेगी कि वो नकल पर्चियों को परीक्षा के पूर्व ही ईमानदारी की पेटी में डाल दें।

उल्लेखीय है इन परीक्षाओं की गोपनीयता और नकल प्रकरणों के संबंद्ध में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा भी बेहद गंभीर हैं। पिछले दिनों परीक्षाओं आयोजन एवं तैयारियों के संबंध में सभी केंद्राध्यक्षों एवं सहायक केंद्राध्यक्षों की बैठक में कलेक्टर द्वारा कंइ तल्ख निर्देश प्रदान किए गए थे।

### परीक्षाओं में नजर आएगा सख्ती के साथ गांधीगिरी का सम्मिश्रण




### 6 फरवरी को उत्कृष्ट विद्यालय से बंटेगी परीक्षा सामग्री

बोर्ड परीक्षाओं की कड़ी में आगामी 06 फरवरी को मुख्यालय स्थित उत्कृष्ट विद्यालय से जिले के प्रत्येक परीक्षा केंद्र के लिए परीक्षा सामग्री का वितरण करवाया जाएगा। परीक्षा केंद्र से आया दल पूरी जिम्मेदारी के साथ सामग्री व प्रश्न-पत्रों को हैंडओवर लेकर बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रश्न-पत्रों को केंद्र के निकट के थानों में जमा करवाएगा।

### 8 संवेदनशील एवं 5 अति-संवेदनशील केंद्र बनाए

पूर्व के सालों में हुई बोर्ड परीक्षाओं में जिन केंद्रों पर नकल प्रकरण या सामुहिक नकल प्रकरण के मामले सामने आए थे उन्हीं के दृष्टिगत शिक्षा विभाग द्वारा इस साल जिले में बनाए गए कुल 63 परीक्षा केंद्रों में 08 संवेदनशील केंद्र एवं 05 अतिसंवेदनशील केंद्र बनाए गए हैं। इन सभी 13 केंद्रों पर नकल रोकने बनाए गए उड़नदस्तों की विशेष नजर रहेगी। संबंधित केंद्रों पर जिला एवं ब्लॉक स्तरीय उड़नदस्ते समय-समय पर पहुंचकर सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षाएं पूरी गोपनीयता, पारदर्शिता एवं बगैर नकल के संपन्न हो रही हैं या नहीं।

### बोर्ड परीक्षाएं खास-खास

| | |
|---|---|
| ● जिले में कुल परीक्षा केंद्र | 63 |
| ● संवेदनशील | 08 |
| ● अति-संवेदनशील | 05 |
| ● 10वीं में परीक्षार्थी | 20019 |
| ● 12वीं में परीक्षार्थी | 14847 |
| ● 10वीं में नियमित परीक्षार्थी | 18850 |
| ● 10वीं में स्वाध्यायी परीक्षार्थी | 1169 |
| ● 12वीं में नियमित परीक्षार्थी | 13609 |
| ● 12वीं में स्वाध्यायी परीक्षार्थी | 1238 |

### इनका कहना है...

माध्यमिक शिक्षा मंडल से निर्देश मिले हैं कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर ईमानदारी की पेटी रखी जाए। अगर कोई परीक्षार्थी नकल पर्ची लाता है तो परीक्षा आरंभ होने के पूर्व इस पेटी में नकल पर्ची डाल सकता है। उसका नकल प्रकरण नहीं बनेगा।

**महेश गुप्ता**, सहा. नोडल, परीक्षाएं, राजगढ़

### महिला का साथ देने वाले युवक पर भी दर्ज हुआ मुकदमा

# रिटायर्ड कर्मचारी को ब्लैकमेल करने वाली महिला पर एफआईआर कराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्त एक कर्मचारी से पहले दोस्ती और बाद में रुपयों के लिए ब्लेकमेल करने वाली एक महिला और युवक पर कोतवाली पुलिस ने विभिन्न धाराओं में एफआईआर पंजीबद्ध की है। संबंधित महिला कई तरह से दबाव बनाकर अब तक फरियादी से करीब 7 लाख रुपए ऐंठ चुकी थी। इसके बाद भी पेंशन में नाम जुड़वाने एवं रुपयों की मांग को लेकर सेवानिवृत्त कर्मचारी को लगातार परेशान किया जा रहा था।

### क्या है पूरा मामला?

पुलिस ने बताया कि मूल रूप से सीहोर निवासी स्वास्थ्य विभाग में बतौर ड्राईवर के रूप में पदस्थ(अब सेवानिवृत्त) एक व्यक्ति से विभाग में ही केयर टेकर के रूप में कार्यरत सुमन नाम की महिला ने पहले दोस्ती की। जान-पहचान बढ़ने पर दोनों ने एक मंदिर में शादी की। बाद में विवाह प्रमाण-पत्र भी बनवाया। एक अन्य युवक बंटी ने जबरन विवाह प्रमाण-पत्र पर कर्मचारी के हस्ताक्षर भी करवा लिए। इस दौरान रिटायर्ड कर्मचारी के कुछ आपत्तिजनक वीडियो भी महिला ने बनाए और अब उन्हें वायरल करने की धमकी देते हुए वो उनसे रुपयों की मांग करने लगी। धीरे-धीरे महिला ने करीब 7 लाख रुपए उनसे ऐंठ लिए। इसके बाद भी लगतार रुपयों की मांग और रुपए न देने पर बलात्कार के केस में फंसाने की धमकियां दी जा रही थीं। धमकियों और रुपयों की मांग से परेशान रिटायर्ड कर्मचारी ने अंततः हिम्मत जुटाते हुए कोतवाली थाने पहुंचकर पूरी आपबीती सुनाई। पुलिस ने शिकायत की जांच उपरान्त सुमन और बंटी पर बीएनएस की धारा 308(7), 3(5) के तहत एफआईआर दर्ज की है।

# संत रविदास जयंती पर नगर में निकली कलश और शोभायात्रा, उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

अहिरवार समाज के तत्वावधान में संत रविदास जयंती के अवसर पर रविवार को नगर में भव्य कलश एवं शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक समरसता का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। कलश एवं शोभायात्रा की शुरुआत सरस्वती शिशु मंदिर के समीप स्थित संत रविदास मंदिर से बैंड-बाजे एवं ढोल-नगाड़ों के साथ हुई। यात्रा इंदौर नाका, पुराना बस स्टैंड, एबी रोड थाना, महात्मा फुले चैराहा, बस स्टैंड, महाराणा प्रताप चैराहा, नेहरू दरवाजा रोड, टेंशन चैराहा, मुखर्जी चैक, महाकाल चैराहा, गांधी चैक, कन्याशाला स्कूल होते हुए पुनः सरस्वती शिशु मंदिर के सामने स्थित संत रविदास मंदिर पहुंची, जहां समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। शोभायात्रा के मार्ग में विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।

### पार्षद ने दोबारा करवाया 4 इंच का बेयरिंग कोर्स

# सुदर्शन नगर की लाखों से बनी सीसी सड़क एक माह में उखड़ी



सुदर्शन नगर में साठगांठ से घटिया निर्माण

**इंजीनियर गए छुट्टी पर, टेकेदार ने डस्ट डालकर किया सड़क निर्माण**



सारंगपुर। सुदर्शन नगर वार्ड 16 में मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के चैथे चरण के तहत 64 लाख 33 हजार रुपए की लागत से बन रही सीसी सड़क भगवान भरोसे बन रही सड़क का कार्य अंतिम चरण में लेकिन अभी तक किसी भी जिम्मेदार ने उसकी गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया अंततः मोहल्ले वाले ने घटिया कार्य की शिकायत एसडीएम को लिखित में की लेकिन गंभीर अनियमितताएँ नहीं थमी स्थानीय रहवासियों का आरोप है कि सड़क निर्माण में खुलकर घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, लेकिन इसे देखनेदसुनने वाला कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर मौजूद नहीं रहता। नागरिकों के अनुसार सड़क में डाली जा रही गिट्टी पूरी तरह डस्ट मिश्रित है, जिससे सीसी की मजबूती पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इसके अलावा सीमेंट, रेत का उपयोग भी निर्धारित मानकों से काफी कम किया जा रहा है। तथा बालू रेत का तो उपयोग बिल्कुल भी नहीं किया जा रहा। लोगों का कहना है कि जब-जब सड़क निर्माण में घटिया काम पकड़ा गया, तब नगर पालिका इंजीनियर मौके से गायब रहे या लंबे अवकाश पर चले गए, जिसका फायदा उठाकर ठेकेदार ने मनमानी करते हुए सड़क बना डाली।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर के सुदर्शन नगर क्षेत्र में लाखों रुपये की लागत से बनी सीसी सड़क एक माह के भीतर ही उखड़ने का मामला सामने आया है। गौरतलब है कि 6 दिसंबर 2025 को हरिभूमि में प्रकाशित खबर में सड़क निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग और इंजीनियरों की लापरवाही का आरोप लगाया गया था। अब एक माह बाद आज के हालात और मौके से सामने आए फोटो उस खबर की पुष्टि करते नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के तहत वार्ड 16 क्षेत्र में बनी यह सीसी सड़क शुरू से ही सवालों के घेरे में थी। सड़क की सतह जगह-जगह से उखड़ गई, जिससे लोगों को आवाजाही में भारी परेशानी होने लगी।

रहवासियों की शिकायत के बाद मामले को लेकर नगर पालिका और जनप्रतिनिधियों पर दबाव बढ़ा। बताया जा रहा है कि सड़क की खराब हालत को देखते हुए पार्षद कमल शर्मा द्वारा हस्तक्षेप करते हुए पुनः करीब 4 इंच का बेयरिंग कोर्स डलवाया गया। हालांकि नागरिकों का कहना है कि यदि पहले ही गुणवत्ता मानकों का पालन किया जाता तो दोबारा काम कराने की नौबत नहीं आती। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि निर्माण के समय न तो तय मात्रा में सीमेंट और गिट्टी का उपयोग किया गया और न ही किसी जिम्मेदार अधिकारी ने मौके पर रहकर निरीक्षण किया। यही कारण है कि सड़क इतनी जल्दी क्षतिग्रस्त हो गई।

### बोले जिम्मेदार...

गुणवत्ता विहीन कार्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, कार्य घटिया किया गया तो बार बार कार्य करवाया जाएगा, मौके पर मौजूद नहीं रहने पर इंजीनियर पर कार्यवाही की जाएगी।

**ज्योति सुनेरे**, सीएमओ सारंगपुर

### ग्रामीण व नगरवासियों को बेहतर स्वास्थ्य व राजस्व सुविधाओं का मिलेगा लाभ

# विधायक ने किया 22 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर/ तलेन

नगर कुरावर एवं आसपास के ग्रामीण अंचल के लिए रविवार का दिन विकास के लिहाज से महत्वपूर्ण रहा। क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने कुरावर में कुल 7 करोड़ 97 एवं तलेन में 14 करोड़ 44 लाख 26 हजार रूपये की लागत से निर्मित व प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया। इस अवसर पर नगरवासियों को उन्नत स्वास्थ्य सुविधाओं की सौगात मिली, वहीं किसानों को राजस्व संबंधी कार्यों के लिए नवीन व सुव्यवस्थित तहसील टप्पा कार्यालय की सुविधा प्राप्त हुई।

विधायक मोहन शर्मा ने नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को उन्नत कर बनाए गए 30 बिस्तरों वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण पर 5 करोड़ 73 लाख 81 हजार रुपये की लागत आई है। उन्होने संबोधित करते हुए कहा कि अब नगर कुरावर सहित राजगढ़, सीहोर एवं शाजापुर जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बेहतर, सुलभ और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। इसी क्रम में विधायक मोहन शर्मा ने नगर में श्रीकृष्ण गौशाला के सामने नवनिर्मित उप तहसील (तहसील टप्पा) कार्यालय भवन का भी लोकार्पण किया। इस भवन का निर्माण 1 करोड़ 24 लाख रुपये की लागत से किया गया है। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन भी किया। कुल 7 करोड़ 97 लाख रुपये के विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को विकास की सौगात दी।

### सामुदायिक अस्पताल का विधायक ने किया भूमि पूजन

नगर तलेन मे आज 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जोकि 14 करोड़ 44 लाख 26 हजार रूपये की लागत से बनकर तैयार होगा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कई वर्षो से लटका हुआ था, आखिर कार आज इस बहुप्रतिक्षित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तलेन का भूमि पूजन पचोर रोड़ पर मंडी प्रांगण के पास क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा दादा के कर कमलो द्वारा किया गया,, क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा दादा द्वारा तलेन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के भूमिपूजन के अतिरिक्त तलेन मंडल के बारवा खुर्रम पंचायत सामुदायिक भवन और पुलिया, चोमा पंचायत मे सामुदायिक भवन, अमलार पंचायत मे सामुदायिक भवन, बेजड़ मे सामुदायिक भवन, बुचा खेड़ी मे सिसी रोड़, जंगीबढ़ मे सीसी रोड़ और सामुदायिक भवन का भी भूमिपुजन किया गया, बताते चले की तलेन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के भूमिपुजन के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा के साथ, पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष कैलाश सोनी,भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह रुहेला, भाजपा जिला मंत्री डॉक्टर कैलाश वैष्णव और नगर परिषद अध्यक्ष नारायण सिंह यादव,भाजपा के पदाधिकारीगण,मौजूद रहे.इस कार्यक्रम का सफल संचालन महामंत्री अजबसिंह वंशकार ने किया और आभार महामंत्री राधेश्याम पाटीदार ने व्यक्त किया।

# घर की छत के समान होते हैं बुजुर्गजन : विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव से मूल्यों में लगातार गिरावट आ रही है। लेकिन, हमें पाश्चात्य संस्कृति से दूर रहते हुए बुजुर्गों की तरफ ध्यान देना होगा क्योंकि वे ही हमारे घर की छत के समान होते हैं। उक्त बात गौरवपूर्ण वृद्धावस्था के संबंध में प्रजापिता ब्रहाकुरीज संस्था द्वारा स्थानीय पारायण चैक में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक अमरसिंह यादव ने कही। डिप्टी कलेक्टर ज्योति बागबेया ने कार्यक्रम की थीम स्पष्ट करते हुए बताया कि यह संगम आयोजन वरिष्ठजनों द्वारा समाज को दिए अपने अमूल्य योगदान के प्रति सम्मान है। इसके माध्यम से युवाओं एवं बुजुर्गों के प्रति समन्वय बिठाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सुमित्रा दीदी ने अपने उद्बोधन में बुजुर्गों को संबोधित करते हुए कहा कि आप वृद्ध नहीं लेकिन उत्तरोत्तर वृद्धि को प्राप्त करने वाले अनुभवों की खान है। आपका आशीष और छत्रछाया परिवार और समाज को सदैव मार्गदर्शित करती रहेंगी।

### बुजुर्गजनों के सम्मान की दिलवाई शपथ

अंत में जिपं के एसीईओ अर्पित गुप्ता ने बुजुर्गों का सम्मान और सदैव देखभाल करने की शपथ उपस्थितजनों को दिलवाई। इसके साथ ही उपस्थित सभी वरिष्ठजनों का लिक, पुष्प, डुपट्टा, ताज व ईश्वरीय उपहार प्रदान कर सम्मान किया गया। इसके साथ ही प्रेरणादाई लघु नाटिका की प्रस्तुति एवं एक नृत्य की प्रस्तुति भी कार्यक्रम के दौरान हुई। इस अवसर पर संस्था की जिला प्रभारी बीके मधु दीदी, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, प्रोग्रेसिव पेंशन संगठन के जिलाध्यक्ष दिनेश नागर, समाजसेवी राजेंद्र जोशी काका सहित अन्य उपस्थित थे।

# अभिभाषक संघ का गरिमामयी शपथ विधि समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

कोर्ट परिसर में शनिवार शाम आयोजित गरिमामयी कार्यक्रम में अभिभाषक संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को न्यायाधीशों की उपस्थिति में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में बतौर अतिथि न्यायाधीश अशोक भारद्वाज, गौरव अग्रवाल, अदिति अग्रवाल, स्वाति गोयल, अदिति मंडलोई, मीनू पचैरी एवं एसडीएम सुशील कुमार उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान जिला जज द्वारा सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर अतिथियों ने अपने संबोधन में न्यायालय की गरिमा बनाए रखने, निष्पक्षता एवं समाज को न्याय दिलाने में अधिवक्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। अभिभाषक संघ द्वारा सभी अतिथियों का शाल, श्रीफल, माला एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत किया। इसमें नवनिर्वाचित सदस्यों द्वारा वरिष्ठ अभिभाषकों का सम्मान किया। पुष्पवर्षा से अभिनंदन भी किया गया।

### सवर्ण समाज ने निकाली जन-रैली, आधे दिन बाजार बंद रखकर किया समर्थन

# यूजीसी की नई गाइड लाइनों के विरोध में रहा ब्यावरा बंद





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा हाल ही में जारी की गई नई गाइड लाइनों के खिलाफ सवर्ण समाज का विरोध लगातार तेज होता जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को सवर्ण समाज के आह्वान पर ब्यावरा नगर में विरोध स्वरूप बाजार बंद रखा गया।

इस दौरान सवर्ण समाज के लोगों ने शहर में रैली निकालकर सरकार और यूजीसी के निर्णय के प्रति अपना आक्रोश व्यक्त किया। सुबह सवर्ण समाज के लोग बड़ी संख्या में वैष्णो देवी मंदिर परिसर में एकत्रित हुए। यहां से यूजीसी की नई गाइड लाइनों को छात्र, शिक्षक और शिक्षा विरोधी बताते हुए हाथों में तख्तियां लेकर रैली की शुरुआत की गई। रैली वैष्णो देवी मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई पीपल चैराहा, मुख्य बाजार, जगात चैक, अहिंसा द्वार, इंदौर नाका सहित विभिन्न क्षेत्रों से गुजरी और पुनः पीपल चैराहे पर पहुंचकर संपन्न हुई। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि केंद्र सरकार और यूजीसी द्वारा शिक्षा व्यवस्था में ऐसे नियम लागू किए जा रहे हैं, जो समाज को बांटने का कार्य कर रहे हैं और विशेष रूप से सवर्ण वर्ग के विद्यार्थियों के भविष्य को नुकसान पहुंचाने वाले हैं। समाज के प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि यह नियम अकादमिक स्वतंत्रता को समाप्त करने और विश्वविद्यालयों में भय का वातावरण बनाने का प्रयास है।

### आधे दिन तक बंद रहा बाजार

सवर्ण समाज द्वारा एक फरवरी को सुबह से दोपहर ,1 बजे तक बाजार बंद रखने का आह्वान किया गया था, जिसका शहर के व्यापारियों ने व्यापक समर्थन किया। सुबह से ही मुख्य बाजार, सर्राफा बाजार, सब्जी मंडी सहित अधिकांश व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद नजर आए। कुछ स्थानों पर जो दुकानें खुली हुई थीं, उन्हें समाज के लोगों ने समझाइश देकर बंद कराया।

### राष्ट्रपति के नाम सौंपा गया ज्ञापन

रैली के समापन पर पीपल चैराहे पर सवर्ण समाज के प्रतिनिधियों द्वारा राष्ट्रपति के नाम एक संयुक्त ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा गया। ज्ञापन में यूजीसी द्वारा जारी की गई नई गाइड लाइनों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने एवं उन्हें वापस लेने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि नई गाइड लाइनों के कारण देशभर के विश्वविद्यालयों में शिक्षकों, छात्रों एवं अभिभावकों के बीच गहरी असुरक्षा, भय और असंतोष का वातावरण बन गया है। यह विषय केवल एक प्रशासनिक निर्णय तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संविधान प्रदत्त अधिकारों, प्राकृतिक न्याय, अकादमिक स्वतंत्रता और राष्ट्र के बौद्धिक भविष्य से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हुआ है।

### यह रखी गई प्रमुख मांगें

ज्ञापन के माध्यम से रखे रही कि यूजीसी की नई गाइड लाइनों पर तत्काल रोक लगाकर उन्हें पूरी तरह वापस लिया जाए। इन गाइड लाइनों को स्वतंत्र विशेषज्ञ समिति एवं संसदीय समिति के समक्ष पुनरीक्षण हेतु भेजा जाए। शिकायत निवारण प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और जवाबदेह बनाया जाए। झूठी एवं दुर्भावनापूर्ण शिकायतों पर सख्त दंडात्मक प्रावधान सुनिश्चित किए जाएं। देश के विश्वविद्यालयों की अकादमिक स्वतंत्रता, गरिमा एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा की जाए। सवर्ण समाज ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो आने वाले समय में आंदोलन को और अधिक व्यापक रूप दिया जाएगा।